साप्ताहिक वन लाइनर्स

1 नवम्बर-7 नवम्बर

Prep Smart. Score Better. Go gradeup

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

1-7 नवम्बर 2019

महत्वपूर्ण दिवस

1. विश्व शाकाहारी (vegan) दिवस मनाया जाता है ___**1 नवंबर।**

नोट:

- यह दिवस आम लोगों में शाकाहारी भोजन और शाकाहार के लाभों को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है।
- इस दिन पशु अधिकारों के महत्व को बताने के लिए, शाकाहारी समूह और चिकित्सक कार्यशालाओं का आयोजन करते हैं।
- डोनाल्ड वाटसन ने वर्ष 1944 में vegan शब्द की रचना की, जो Vegetarian (शाकाहारी) शब्द से लिया गया था।

2. विश्व सुनामी जागरूकता दिवस (WTAD) दुनिया भर में मनाया जाता है _____**5 नवंबर।**

नोट:

- वर्ष 2019 में, विश्व सुनामी जागरूकता दिवस 'सेंडाई सेवन कैम्पेन" के लक्ष्य (d) को बढ़ावा देगा, जो महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में आपदा क्षति को कम करने और बुनियादी सेवाओं के विघटन पर केंद्रित है।
- वर्ष 2030 तक, दुनिया की अनुमानित 50% आबादी बाढ़, तूफान और सुनामी प्रभावित तटीय क्षेत्रों में निवास करेगी।

3. युद्ध एवं सशस्त्र संघर्ष में पर्यावरण दोहन रोकने का अंतर्राष्ट्रीय दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है _____**6 नवंबर।**

नोट:

- 5 नवंबर 2001 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक वर्ष के 6 नवंबर को युद्ध एवं सशस्त्र संघर्ष में पर्यावरण दोहन रोकने के अंतर्राष्ट्रीय दिवस (A/RES/56/4) के रूप में घोषित किया।

4. राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस भारत में प्रतिवर्ष मनाया जाता है_____**7 नवंबर।**

नोट:

- यह दिवस भौतिकी में 1903 की नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी (मैरी स्कोडोव्स्का क्यूरी) की जन्म दिवस के दिन मनाया जाता है।

नई नियुक्तियां

1. अल्बर्टो फर्नांडीज ने किस देश के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता ___ **अर्जेंटीना।**

नोट:

- 60 वर्षीय कानून के प्रोफेसर फर्नांडीज को 47.36% वोट मिले, जो स्पष्ट जीत की सीमा से अधिक थे।

2. लेबनान के प्रधान मंत्री जिन्होंने सरकार विरोधी प्रतिवाद के चलते पोर्टफोलियो से इस्तीफा दे दिया ___ **साद हरीरी।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- उन्होंने बेरूत में मुख्य प्रतिवाद शिविर के दौरान हिजबुल्ला समर्थकों के हिंसात्मक व्यवहार के बाद सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में से एक के सामने झुककर इस्तीफा दे दिया।

3. भारत सरकार ने किन **उच्च न्यायालयों** में **नए मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति** अधिसूचित की___ **मद्रास, मध्य प्रदेश और पटना।**

नोट:

- पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश **अमरेश्वर प्रताप साही को मद्रास उच्च न्यायालय का अगला मुख्य न्यायाधीश** नियुक्त किया गया है।
- मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश **ए.के. मित्तल को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का अगला मुख्य न्यायाधीश** नियुक्त किया गया है।
- मुख्य न्यायाधीश साही के मद्रास में स्थानांतरण के कारण रिक्त पद को भरने के लिए **त्रिपुरा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय करोल को पटना उच्च न्यायालय का अगला मुख्य न्यायाधीश** नियुक्त किया गया है।
- **भारतीय संविधान के अनुच्छेद 222** के तहत विभिन्न उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों को भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त और स्थानांतरित किया जाता है।

4. UAE के नए राजदूत के रूप में पदभार किसने संभाला ___**पवन कपूर।**

नोट:

- **पवन कपूर** (1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी) ने **UAE में नए राजदूत** के रूप में पदभार संभाला, उन्होंने नवदीप सिंह सूरी की जगह ली।
- अपनी अंतिम तैनाती के दौरान, श्री कपूर ने इजराइल में राजदूत के रूप में कार्य किया।

5. वरिष्ठ IPS अधिकारी जिन्हें **लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया** (LPAI) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया ___ **आदित्य मिश्रा।**

नोट:

- लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (LPAI) एक वैधानिक निकाय (लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया अधिनियम, 2010 के तहत स्थापित) है, जो भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत है।
- यह भारत में सीमा अवसंरचना निर्माण, उन्नयन, रखरखाव और प्रबंधन के लिए उत्तरदायी है।

6. पंचकुला से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक **ज्ञान चंद गुप्ता** को सर्वसम्मति से किस विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया _____ **हरियाणा विधानसभा।**

नोट:

- श्री गुप्ता का नाम हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा प्रस्तावित किया गया था और उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा अनुमोदित किया गया था।
- भाजपा पार्टी ने जननायक जनता पार्टी (JJP) के साथ गठबंधन किया और 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में सात निर्दलीय विधायकों का समर्थन हासिल करने में कामयाब रही।

7. पी.एस. श्रीधरन पिल्लई ने कहां के राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण की ____ **मिजोरम।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- गुवाहाटी उच्च न्यायालय के **मुख्य न्यायाधीश 'अजय लाम्बा'** ने आइजोल स्थित राजभवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- पी.एस. श्रीधरन पिल्लई ने असम के राज्यपाल जगदीश मुखी (अतिरिक्त प्रभार- मिजोरम) की जगह ली।

8. दो दिवसीय 'बिम्सटेक कॉन्क्लेव' शुरू हुआ _____ **विशाखापत्तनम।**

नोट:

- केंद्रीय नौपरिवहन राज्य मंत्री **मनसुख एल. मंडाविया** ने विशाखापत्तनम में दो दिवसीय **बिम्सटेक** (बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम) कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया।

9. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां पर दो दिवसीय मेगा वैश्विक निवेशक सम्मेलन **'राइजिंग हिमाचल 2019'** का उद्घाटन किया _____**धर्मशाला।**

नोट:

- यह सम्मेलन भारतीय उद्योग और व्यापार जगत के शीर्ष प्रमुखों के अलावा विदेशी प्रतिनिधिमंडलों और केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित किया गया।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. किसे गैर-बैंकों को ई-मनी जारी करने के लिए मंजूरी देने के मामले में वित्तीय समावेश हेतु सबसे अनुकूल वातावरण के साथ शीर्ष देशों में रखा गया है ____ **भारत।**

नोट:

- द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट की वर्ष 2019 की **ग्लोबल माइक्रोस्कोप ऑन फाइनेंशियल इनक्लूजन रिपोर्ट** के अनुसार, वित्तीय समावेश के लिए समग्र वातावरण में विश्व स्तर पर सुधार हुआ है और भारत, कोलंबिया, पेरू, उरुग्वे और मैक्सिको समावेशी वित्त के लिए सबसे अनुकूल देश हैं।

2. केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने लसीका फाइलेरिया को खत्म करने के लिए कहां पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया____**नई दिल्ली।**

नोट:

- संगोष्ठी का विषय "लसीका फाइलेरिया को खत्म करने के लिए एकजुट हों" (**United to Eliminate Lymphatic Filariasis**) था।
- संगोष्ठी के दौरान, डॉ. हर्षवर्धन ने 2021 तक लसीका फाइलेरिया को खत्म करने के लिए 'कॉल टू एक्शन' (कार्यवाही निर्देश) पर हस्ताक्षर किए।
- स्वास्थ्य मंत्री ने समारोह के दौरान नेशनल हेल्थ प्रोफाइल (NHP) का 14वां संस्करण भी जारी किया।
- लसीका फाइलेरिया एक मानव परजीवी कृमि के कारण फैलने वाली बीमारी है जिसे वुचेरेरिया बैनक्रॉफ्टी कहा जाता है और यह क्यूलेक्स मच्छरों द्वारा फैलता है।

3. 5वीं भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी विचार सभा कहां आयोजित हुई ____ **नई दिल्ली।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** और जर्मनी की चांसलर **एंजेला मार्केल** ने दोनों देशों के बीच घनिष्ट संबंध को मजबूत करने के लिए **5वीं भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी विचार सभा** की सह-अध्यक्षता की।
- दोनों नेताओं ने कृषि आर्थिक साझेदारी, व्यापार और निवेश सहित द्विपक्षीय मुद्दों पर भी चर्चा की।
- दोनों देश ई-मोबिलिटी, स्मार्ट शहरों, अंतर्देशीय जलमार्ग और पर्यावरण संरक्षण में अवसरों पर भी काम कर रहे हैं।

4. मोबाइल फोन पर फोन की घंटी का समय 30 सेकंड और लैंडलाइन फोन पर 60 सेकंड किसने निर्धारित किया ___ **भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI)।**

नोट:

- इनकमिंग वॉयस कॉल के लिए घंटी की अवधि, जिसका न तो उत्तर दिया जाता है और न ही पार्टी द्वारा कॉल रद्द की जाती है, सेल्यूलर मोबाइल टेलीफोन सेवा के लिए तीस सेकंड और बेसिक टेलीफोन सेवा के लिए साठ सेकंड का समय होगा।
- अब तक भारत में कॉल के लिए ऐसी कोई समय सीमा नहीं थी।
- टेलीकॉम ऑपरेटर स्वयं ही आने वाली कॉल रिंग के टाइम को कम कर रहे थे ताकि अन्य नेटवर्क के ग्राहकों से रिवर्स कॉल प्राप्त किए जा सकें।

5. संतोष मेहरोत्रा और **जजेती के. परीदा** द्वारा लिखित एक नए शैक्षिक पत्र के अनुसार वर्ष 2011-12 और 2017-18 के दौरान कुल रोजगार में दर्ज गिरावट _____ **9 मिलियन।**

नोट:

- यह अजीम प्रेमजी विश्विविद्यालय में सेंटर ऑफ सस्टेनबल इम्प्लॉयमेंट द्वारा प्रकाशित किया गया है।
- यह पत्र राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (NSS) के हालिया "रोजगार और बेरोजगारी" और "अनिगमित गैर-कृषि उद्यम" सर्वेक्षण दोनों आंकड़ों पर आधारित है।

6. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के साथ मिलकर कौन अपने परिसर में एक **अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ** स्थापित करेंगे_____ **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) दिल्ली।**

नोट:

- प्रकोष्ठ विशिष्ट उत्पादों के साथ अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी क्षेत्र में केंद्रित अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा करने के लिए काम करेगा।
- IIT दिल्ली 2 नवंबर को 50वां दीक्षांत समारोह मना रहा है जहां इसरो के अध्यक्ष डॉ. के. सिवन मुख्य अतिथि होंगे।

7. जर्मनी के बहुराष्ट्रीय कंपनी समूह जिसने विभिन्न उर्ध्वप्रवाह और अनुप्रवाह अनुप्रयोगों के लिए हाइड्रोजन युग्मन क्षेत्र के उपयोग संदर्भ मामलों की पहचान, मूल्यांकन और स्थापना के लिए NTPC लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए_____ **सीमेंस लिमिटेड।**

नोट:

- इस समझौते का उद्देश्य भारत में हाइड्रोकार्बन पर निर्भरता को कम करने के लिए नवीन तकनीकों और समाधानों को विकसित करना है।
- सीमेंस ने युग्मन क्षेत्रों सहित भारत में ऊर्जा संक्रमण का समर्थन करने के लिए तकनीकों पर सहयोग हेतु TERI के साथ एक अलग समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

8. राष्ट्रीय त्वचा विकार यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (NRIUMSD) का उद्घाटन करने वाला मंत्रालय_____**आयुष मंत्रालय।**

नोट:

- केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) **श्रीपद येसो नाइक** ने हैदराबाद में राष्ट्रीय त्वचा विकार यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (NRIUMSD) का उद्घाटन किया।
- यह **केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान** (CRIUM) की ओर से उन्नत संस्थान है।

9. जर्मनी की चांसलर **एंजेला मार्केल** ने कहां पर पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल शहरी गतिशीलता पर अगले पांच वर्षों में **1 बिलियन यूरो का निवेश** करने का वचन दिया _____ **भारत।**

नोट:

- मार्केल, जिनकी भारत यात्रा दिल्ली/NCR में वायु प्रदूषण के सबसे खराब समय पर हुई, ने डीजल से चलने वाले सार्वजनिक परिवहन को इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।
- जर्मनी तमिलनाडु की बसों में सुधार के लिए 200 मिलियन यूरो भी प्रदान करेगा।

10. प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कहां पर **5वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (IISF)** का उद्घाटन किया ____ **कोलकाता।**

नोट:

- इस वर्ष के महोत्सव का विषय **RISEN इंडिया-** Research, Innovation and Science Empowering the Nation है।
- IISF का मुख्य उद्देश्य लोगों में वैज्ञानिक मनोवृत्ति पैदा करना, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के योगदान को प्रदर्शित करना और लोगों के लिए इसके लाभों के अंतरण को प्रोत्साहित करना है।

11. केंद्रीय वित्त मंत्री **निर्मला सीतारमण** ने आयातित सामानों के सीमा शुल्क निकासी की बेहतर निगरानी और गति प्रदान करने के लिए किन दो नई **IT पहलों** की शुरुआत की ____ **'ICEDASH' और 'ATITHI'।**

नोट:

- **'ICEDASH'** भारतीय सीमा शुल्क का ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस निगरानी डैशबोर्ड है, जो विभिन्न बंदरगाहों और हवाई अड्डों पर आयातित कार्गो के दैनिक सीमा शुल्क निकासी समय पर नजर रखने में जनता की मदद करता है।
- **ATITHI ऐप** हवाई अड्डों पर सीमा शुल्क द्वारा परेशानी मुक्त और तीव्र निकासी की सुविधा प्रदान करेगा और हवाई अड्डों पर अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों और अन्य आगंतुकों के अनुभव में सुधार करेगा।

12. भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग और ब्रह्मपुत्र नदी से होकर पहला कंटेनर कार्गो कहां से जाएगा _____ **हल्दिया (पश्चिम बंगाल)।**

नोट:

- पोत एमवी माहेश्वरी, जो पेट्रोकेमिकल्स, खाद्य तेल और पेय पदार्थों के 53 कंटेनर ले जा रहा है, को असम के गुवाहाटी में पांडु स्थित IWAI टर्मिनल पहुंचने में 12-15 दिन लगेंगे।
- राष्ट्रीय जलमार्ग 2 (NW-2) ब्रह्मपुत्र नदी का एक भाग है, जिसकी लंबाई असम में धुबरी और सदिया के पास बांग्लादेश सीमा के बीच 891 किमी है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

13. पंजाब के मुख्यमंत्री **अमरिंदर सिंह** ने किस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के बेरोजगार युवाओं के लिए अपनी तरह के पहले नौकरी हेल्पलाइन नंबर (76260-76260) की शुरुआत की___**'घर घर रोजगार' कार्यक्रम।**

नोट:

- इस हेल्पलाइन का उद्देश्य पंजाब के हर घर तक पहुंच बनाना और इस पर रोजाना 75 हजार मोबाइल नंबरों द्वारा संपर्क किया जा सकता है।
- इस प्रक्रिया में, डेटा तैयार करने के लिए पंजाब जॉब हेल्पलाइन का 110-सीटों का कॉल सेंटर भी बनाया गया है।

14. पहला भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त **सैन्य अभ्यास 'दस्तलिक -2019'** कहां पर चिरचीक ट्रेनिंग एरिया में शुरू हुआ___ **ताशकंद।**

नोट:

- अभ्यास दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच सर्वोत्तम अभ्यासों और अनुभवों को साझा करेगा और अधिक सामरिक प्रभावशीलता को बढ़ाएगा।

15. सबसे बड़ी खगोल भौतिकी कक्षा (45 मिनट) और स्पेक्ट्रोस्कोप के उपयोग के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड कहां बनाया गया ___ **साइंस सिटी, कोलकाता (IISF -2019)।**

नोट:

- कार्यक्रम में 1,598 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

16. केंद्रीय मंत्री **प्रकाश जावड़ेकर** ने कहां पर आयोजित **दक्षिण एशिया सहकारी पर्यावरण कार्यक्रम (SACEP) संचालन परिषद** की 15वीं बैठक में भाग लिया ___**ढाका।**

नोट:

- SACEP एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसे वर्ष 1982 में स्थापित किया गया था।
- इसके सदस्य देशों अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका का उद्देश्य इस क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण, प्रबंधन और वृद्धि को बढ़ावा देना और समर्थन करना है।

17. इतालवी फिल्म जो भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) 2019 के 50वें संस्करण में दिखाई जाने वाली पहली फिल्म होगी __ **'डिस्पाइट द फॉग'।**

नोट:

- गोरान पास्कलजेविक द्वारा निर्देशित 100 मिनट की फिल्म एक बच्चे की कहानी बताती है, जिसके माता-पिता रबर की नाव में इटली जाने के दौरान डूब जाते हैं।
- IFFI का 50वां संस्करण 76 देशों की 200 से अधिक सर्वश्रेष्ठ फिल्मों की स्क्रीनिंग का साक्षी है।

18. केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री **संजय धोत्रे** ने किसके **शाला दर्पण पोर्टल** की शुरुआत की _____ **नवोदय विद्यालय समिति।**

नोट:

- शाला दर्पण सभी हितधारकों-छात्रों, शिक्षकों और माता-पिता की शैक्षिक और प्रबंधकारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एकीकृत मंच प्रदान करता है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- यह सभी जवाहर नवोदय विद्यालयों को एक सामान्य मानक के साथ एकीकृत करेगा जिसमें लगभग 636 स्कूल और 2.67 मिलियन छात्र शामिल हैं।

19. कृषि मंत्री **नरेंद्र सिंह तोमर** ने किसका पांचवा संस्करण जारी किया _____ **वेस्टलैंड एटलस - 2019।**

नोट:

- भूमि संसाधन विभाग और नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित एटलस, बंजर भूमि पर सही भू-स्थानिक जानकारी प्रदान करता है।

20. उप-राष्ट्रपति **एम. वेंकैया नायडू** ने कहां पर **'म्यूजिकल एक्सीलेंस ऑफ मृदंगम' मोनोग्राफ** का विमोचन किया ____ **चेन्नई।**

नोट:

- श्री नायडू के अनुसार, विज्ञान का उत्तरदायित्व है कि मृदंगम जैसी प्राचीन संगीत परंपराओं के मूल्यों को जोड़े और राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करें।
- मृदंगम एक ऐसा वाद्य यंत्र है जो सामान्य और स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों से बनाया जाता है, लेकिन यह बहुत ही शानदार संगीत उत्पन्न करता है।
- इस पुस्तक के लेखक मृदंगम उस्ताद और पद्म विभूषण से सम्मानित उमायालपुरम के. शिवरामन और पूर्व वैज्ञानिक टी. रामासामी (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व सचिव) और एम.डी. नरेश थे।

21. राष्ट्रीय हित में **क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (RCEP) समझौते** का हिस्सा नहीं रहने का किसने फैसला किया __ **भारत।**

नोट:

- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बैंकॉक में RCEP शिखर सम्मेलन में अपने भाषण के दौरान यह घोषणा की।
- क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP) दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (ASEAN) के दस सदस्य राष्ट्रों और इसके छह FTA साझेदार (चीन, जापान, भारत, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड) के बीच एक प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (FTA) है।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. निर्वाचन आयोग के अनुसार, **झारखंड विधानसभा चुनाव** पांच चरणों में कब होंगे ___ **30 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच।**

नोट:

- मतगणना 23 दिसंबर को होगी।
- **मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुनील अरोड़ा** के अनुसार, 81 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव 30 नवंबर, 7 दिसंबर, 12, 16 और 20 दिसंबर को होंगे।
- झारखंड की स्थापना वर्ष 2000 में बिहार को दो राज्यों में विभाजित करके की गई थी।

2. राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव (15 दिवसीय आदी महोत्सव) कहां आयोजित किया जाएगा___ **नई दिल्ली।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- महोत्सव का विषय जनजातीय संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और वाणिज्य की भावना का उत्सव मनाना है।
- समारोह में 27 राज्यों के एक हजार से अधिक आदिवासी कारीगर भाग लेंगे।
- महोत्सव में दो सौ स्टालों के माध्यम से आदिवासी हस्तशिल्प, कला, चित्रकारी, वस्त्रों, आभूषण और बहुत कुछ की प्रदर्शनी और बिक्री की जाएगी।

3. फ्रांसीसी विकास एजेंसी (AFD) और किस राज्य सरकार ने **वन एवं जैव विविधता संरक्षण** (APFBC) के लिए असम परियोजना के द्वितीय चरण में सहायता हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए ___ **असम।**

नोट:

- दूसरे चरण के लिए कुल बजट 500 करोड़ रुपये है।
- यह परियोजना वनों की कटाई, अवैध शिकार और वन संसाधनों पर स्थानीय समुदायों की अधिक निर्भरता से उत्पन्न खतरों को देखते हुए शुरू की गई थी।

4. भारतीय रेलवे ने कहां पर चारबाग रेलवे स्टेशन पर **दो 'हेल्थ ATM'** लगाए___**लखनऊ।**

नोट:

- योलो हेल्थ ATM द्वारा प्रचारित कियोस्क, 50-100 रुपये में 16 स्वास्थ्य जांच प्रदान करता है।
- दो प्रकार की स्वास्थ्य जांच हैं, जिनमें से 9-मिनट वाली जांच की कीमत 100 रुपये है, और 6-मिनट वाली जांच की कीमत 50 रुपये है।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. 35वां आसियान शिखर सम्मेलन शुरु हुआ_____**बैंकाक, थाईलैंड।**

नोट:

- थाईलैंड के प्रधानमंत्री **प्रायुत चान-ओ-चा** ने इम्पैक्ट (IMPACT) सम्मेलन परिसर में इस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- शिखर सम्मेलन का विषय **'Advancing Partnership for sustainability'** है।
- आसियान का मुख्यालय इंडोनेशिया के जकार्ता में स्थित है।

2. रक्षा मंत्री **राजनाथ सिंह** ने **शंघाई सहयोग संगठन (SCO)** की **शासनाध्यक्ष परिषद (CHG)** की दो दिवसीय बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे _____ **ताशकंद।**

नोट:

- SCO एक प्रभावशाली क्षेत्रीय सुरक्षा समूह है जिसे नाटो के प्रतिपक्ष के रूप में देखा जाता है।
- शंघाई सहयोग संगठन (SCO) एक यूरेशियाई राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है, जिसकी स्थापना शंघाई में चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान के नेताओं द्वारा वर्ष 2001 में की गई थी।

3. रूस की नवीनतम परमाणु पनडुब्बी ने कहां से एक **बुलवा अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल** का सफल परीक्षण किया _____ **रूस के श्वेत सागर।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- न्याज़ व्लादिमीर, या **प्रिंस व्लादिमीर (पनडुब्बी),** ने मिसाइल को पानी के अंदर से लॉन्च किया जिसने सुदूर पूर्वी रूस में कामचटका प्रायद्वीप स्थित लक्ष्य को निशाना बनाया।

4. द्विवार्षिक **राष्ट्रमंडल कानून मंत्री सम्मेलन** 2019 कहां शुरू हुआ _____ **कोलम्बो, श्रीलंका।**

नोट:

- केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री **रविशंकर प्रसाद** सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।
- सम्मेलन का विषय: 'न्याय एवं कानून के नियम तक समान पहुंच' (Equal Access to Justice and the Rule of Law) है।
- समारोह का उद्देश्य: यह उन लाखों लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों को संबोधित करने का प्रयास करता है जो कानूनी समस्याओं या विवादों को हल करने की कोशिश कर रहे हैं।

5. सैन्य, आर्थिक और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अनुसंधान करने के लिए **सूडान का पहला उपग्रह** किसने लॉन्च किया_____**चीन।**

6. केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री **हरदीप सिंह पुरी** ने कहां पर एक नई **गुरु नानक पीठ** का उद्घाटन किया ___ **बर्मिंघम यूनिवर्सिटी।**

नोट:

- उन्होंने अपनी बर्मिंघम यात्रा के दौरान गुरु नानक की 550वीं जयंती के अवसर पर नई पीठ की घोषणा की, जहां उन्होंने गुरु नानक के उपदेशों की समकालीन प्रासंगिकता पर एक वार्षिक व्याख्यान दिया।

7. पर्यटन मंत्रालय ने कहां पर आयोजित तीन दिवसीय **वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट** (WTM) में भाग लिया _____**लंदन, यूके।**

नोट:

- WTM 2019 में भारतीय मंडप का विषय 'अतुल्य भारत - अतुल्य भारत की खोज' (Incredible India - Find Incredible India) है।
- इस वर्ष, WTM 2019 के भारतीय मंडप में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का भी प्रचार एवं प्रसार किया जा रहा है।

8. रक्षा मंत्री **राजनाथ सिंह** ने कहां पर सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग पर **19वें भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग** की सह-अध्यक्षता की _____**मॉस्को।**

9. सबसे बड़ा अमेरिका- बांग्लादेश नौसेना अभ्यास **'Cooperation Afloat Readiness and Training (CARAT)** - 2019' कहां शुरु हुआ _____**चटगांव।**

नोट:

- CARAT दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया में अमेरिकी नौसेना के सबसे लंबे समय तक लगातार चलने वाले अभ्यासों में से एक है।
- बांग्लादेश नौसेना के सहायक नौसैनिक प्रमुख (संचालन) रियर एडमिरल एम. मकबुल हुसैन उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. वर्ष 2018 के लिए **28वां व्यास सम्मान** किस हिंदी लेखक को प्रदान किया गया_____ **लीलाधर जगूरी।**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

नोट:

- प्रतिष्ठित पुरस्कार उन्हें प्रसिद्ध लेखक गोविंद मिश्रा ने प्रदान किया।
- श्री जगूरी को उनके काव्य संग्रह- 'जितने लोग उतने प्रेम' के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया।
- वर्ष 1991 में शुरू किया गया व्यास सम्मान, भारतीय नागरिक द्वारा हिंदी में लिखित पिछले 10 वर्षों के दौरान प्रकाशित एक उत्कृष्ट साहित्यिक कृति के लिए भारतीय उद्योगपति कृष्ण कुमार बिरला के सम्मान में के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा दिया जाता है।

2. प्रतिष्ठित **गोल्डन ड्रैगन अवार्ड** से किन्हें सम्मानित किया गया ___ **नवाजुद्दीन सिद्दीकी।**

नोट:

- गैंग्स ऑफ वासेपुर के अभिनेता को कार्डिफ में आयोजित एक कार्यक्रम में वेल्स, यूके के काउंसेल जनरल **माइक एन्टोनी** ने पुरस्कार प्रदान किया।
- अभिनेता ने नेटफ्लिक्स के सेक्रेड गेम्स, रितेश बत्रा के फोटोग्राफ और बीबीसी यूके के मैकमाफिया से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक छाप छोड़ी है।
- अनुभवी हॉलीवुड स्टार-अभिनेत्री डेम जूडिथ ओलिविया डेंच को भी समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

3. भारतीय फिल्म स्टार जिन्हें IFFI एक विशेष **आइकन ऑफ गोल्डन जुबली अवार्ड** से सम्मानित करेगा ___ **रजनीकांत।**

नोट:

- IFFI फ्रांसीसी अभिनेत्री इसाबेल हूपर्ट को एक विदेशी कलाकार के रूप में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित करेगा।
- आइकॉन ऑफ गोल्डन जुबली अवार्ड वर्ष 2019 में भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक विशेष पुरस्कार है।

4. प्रसिद्ध लेखक जिन्हें **27वें एझुथचान पुरस्कार** के लिए चुना गया___ **आनंद।**

नोट:

- यह पुरस्कार केरल साहित्य अकादमी और केरल सरकार द्वारा दिया जाता है।
- उनके प्रसिद्ध उपन्यास में से एक अल्कुट्टम है, जो उन अनोखे संकटों को दर्शाता है जिनका राष्ट्र साक्षी है।
- उनकी रचना गोवर्धनते यात्राकाल ने केंद्र साहित्य अकादमी पुरस्कार, वीदुम थादावुम और जैनमानुषयान ने केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार और मरुभूमिकल उन्दाकुन्नाथ, वायालर पुरस्कार जीता था।

5. न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी (UNSW) सिडनी, ऑस्ट्रेलिया के एक भारतीय मूल के शोधकर्ता जिन्हें **'अर्ली करियर रिसर्चर ऑफ द ईयर अवार्ड -2019'** (भौतिक विज्ञान) प्रदान किया गया ___ **नीरज शर्मा।**

नोट:

- यह पुरस्कार उन्हें ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, इलेक्ट्रिक वाहनों और ग्रिड में पाए जाने वाली लिथियम आयन बैटरी में उनके काम के लिए दिया गया।

6. इटैलियन गोल्डन सैंड आर्ट अवार्ड 2019 के लिए किन्हें चुना गया ___**सुदर्शन पटनायक।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- उन्हें इटली में **इंटरनेशनल स्कॉर्ना सैंड नेटिविटी फेस्टिवल** के दौरान सम्मानित किया जाएगा, जो 13 और 18 नवंबर, 2019 के बीच आयोजित किया जाएगा।

7. अमेरिका निवासी भारतीय लेखिका **माधुरी विजय** के पहले उपन्यास, **"द फार फील्ड"** ने किसके लिए वर्ष **2019 का JCB पुरस्कार** जीता___**साहित्य।**

नोट:

- उन्हें पुरस्कार धनराशि स्वरूप 25 लाख रुपये, दिल्ली कलाकारों की जोड़ी ठुकराल और टैग्रा द्वारा निर्मित मूर्ति मिरर मेल्टिंग प्रदान की गई।
- उपन्यास का प्रकाशन फोर्थ एस्टेट इंडिया द्वारा किया गया।
- JCB पुरस्कार वर्ष 2018 में शुरु किया गया एक वार्षिक भारतीय साहित्यिक पुरस्कार है जिसे एक भारतीय लेखक द्वारा अंग्रेजी में लिखे उपन्यास या भारतीय लेखक द्वारा अनुवादित उपन्यास के लिए दिया जाता है।

8. श्रीपद नाइक (केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री) ने कहां पर उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला (HEMRL) में **DRDO इग्नाइटर कॉम्प्लेक्स** का उद्घाटन किया _____**पुणे।**

नोट:

- HEMRL (DRDO की एक प्रमुख प्रयोगशाला) मुख्य रूप से रॉकेट और बंदूक प्रणोदक, आतिशबाजी बनाने वाले उपकरण, उच्च विस्फोटक प्रणाली और उच्च-ऊर्जा अणुओं के संश्लेषण को विकसित करने में कार्यरत है।

9. केरल के कोच्चि स्थित गोकुलम कन्वेंशन सेंटर में **'मिस एशिया ग्लोबल 2019'** (5वां संस्करण) का ताज किन्हें पहनाया गया ____ **सारा दमजानोविक।**

नोट:

- वियतनाम की **गुयेन थी येन ट्रांग** को **'मिस एशिया'** का ताज पहनाया गया, जबकि समीक्षा सिंह (भारत) ने 'मिस ब्यूटीफुल फेस' का उप-खिताब जीता।
- मिस एशिया ग्लोबल का लक्ष्य दुनिया भर से सबसे सुंदर और प्रतिभाशाली महिलाओं को खोजना है।
- 'मिस एशिया ग्लोबल 2020' मलेशिया में आयोजित किया जाएगा।

खेल समाचार

1. छह बार की विश्व मुक्केबाजी चैंपियन जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) के 10-सदस्यीय **एथलीट एंबेसडर समूह** में शामिल किया गया _____ **एम.सी. मैरी कॉम।**

नोट:

- समूह अगले वर्ष के **टोक्यो ओलंपिक** (टोक्यो ओलंपिक 2020) के प्रचार में मुक्केबाजों का प्रतिनिधित्व करेगा।
- एम.सी. मैरी कॉम मुक्केबाजी एथलीट एंबेसडर समूह में एशियाई गुट का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- **अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ (IOC)** के वर्तमान **अध्यक्ष थॉमस बैक** हैं और ओलंपिक संघ का **मुख्यालय स्विट्जरलैंड के लौसने** में है।

2. बुडापेस्ट में आयोजित **UWW अंडर -23 विश्व चैंपियनशिप** के 53 किग्रा वर्ग में रजत पदक किसने जीता __ **पूजा गहलोत।**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

नोट:

- पूजा अंतिम मुकाबले में ओकुनो से 0-2 से हार गईं। उन्होंने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में तुर्की की ज़ेनेप येटगिल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

3. फाइनल में इंग्लैंड को हराकर **रग्बी विश्व कप** किसने जीता ___**दक्षिण अफ्रीका।**

नोट:

- दक्षिण अफ्रीका ने जापान में आयोजित विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड को 32-12 से हराया।
- टीम के पहले अश्वेत कप्तान सिया कोलीसी के नेतृत्व में जीत, **स्प्रिंगबोक्स** (दक्षिण अफ्रीकी रग्बी टीम) के लिए एक प्रतीकात्मक पल था।
- वर्ष 1995 में, पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला को कप्तान फ्रैंकोइस पीनार के साथ पहली विश्व कप जीत के बाद पोडियम पर सम्मानित किया गया था।

4. जर्मनी के सारब्रुकन में आयोजिल **सारलॉरलक्स ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट** किसने जीता___ **लक्ष्य सेन।**

नोट:

- उन्होंने एक रोमांचक फाइनल में चीन के वेंग हांगयेंग को हराया।
- फाइनल मुकाबले में वेंग को हराने के लिए विश्व के 51वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को 59 मिनट लगे।
- उत्तराखंड के 18 वर्षीय खिलाड़ी ने अखिल भारतीय सेमीफाइनल में किरण जॉर्ज को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

5. डेनिस शापोवालोव को फाइनल में हराकर **5वां पेरिस मास्टर्स खिताब 2019** किसने जीता __ **नोवाक जोकोविच।**

नोट:

- इस प्रकार, उन्होंने अपना 34वां मास्टर्स खिताब और वर्ष 2019 की पांचवीं ATP जीत हासिल की।
- जोकोविच अगले सप्ताह नडाल के सामने रैंकिंग में शीर्ष स्थान से हट जाएंगे, लेकिन फिर भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में छठा वर्ष पूरा करके पीट सम्प्रास के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं।

6. फिनलैंड के रेसिंग ड्राइवर जिन्होंने फॉर्मूला वन, **अमेरिकी ग्रैंड प्रिक्स 2019** जीती ___ **वाल्टेरी बोटास।**

नोट:

- लुईस हैमिल्टन दूसरे स्थान पर रहे, मैक्स वेर्स्टाप्पन तीसरे, चार्ल्स लेक्लर्स चौथे और एलेक्जेंडर एल्बोन पांचवें स्थान पर रहे।
- **लुईस हैमिल्टन** (छठवां F1 विश्व खिताब) ने वर्ष 2019 के लिए **फॉर्मूला वन वर्ल्ड ड्राइवर्स चैंपियनशिप** जीती।
- सर्वाधिक फॉर्मूला वन वर्ल्ड ड्राइवर्स चैंपियनशिप खिताब माइकल शूमाकर (7 खिताब) ने जीते हैं।

7. JSCA इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स, रांची में आयोजित **2019-20 देवधर ट्रॉफी** (47वां संस्करण) किसने जीती ____ **इंडिया B।**

नोट:

- **देवधर ट्रॉफी** भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) द्वारा चुनी गई तीन टीमों (इंडिया A, इंडिया B और इंडिया C) के बीच खेली गई थी।

8. सर्बिया के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी जिन्होंने आसानी से रिकॉर्ड **पांचवां पेरिस मास्टर्स खिताब** जीता ____ **नोवाक जोकोविच।**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

नोट:

- उन्होंने फाइनल में कनाडा के युवा डेनिस शापोवलोव को 6-3, 6-4 से हराया।
- उन्होंने अब तक 34 मास्टर्स खिताब (16-बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन) जीते हैं, सूची में नडाल शीर्ष पर चल रहे हैं, और जोकोविच ने कुल मिलाकर 77 ATP टूर जीते हैं।
- यह विंबलडन और अमेरिकी ओपन के साथ-साथ मैड्रिड ओपन और टोक्यो में पिछली जीत के बाद जोकोविच की सत्र की पांचवीं ट्रॉफी थी।

9. दोहा में आयोजित **14वीं एशियाई चैंपियनशिप** में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर निशानेबाजी में भारत के लिए **10वां टोक्यो ओलंपिक कोटा** किसने हासिल किया____ **दीपक कुमार।**

नोट:

- भारत राइफल और पिस्टल में नौ टोक्यो कोटा पहले ही हासिल कर चुका है और कोटा के संदर्भ में मेजबान देश जापान के अलावा एशियाई क्षेत्र में चीन, जिसके पास 25 कोटा और कोरिया जिसके पास 12 कोटा हैं, से पीछे है।
- दीपक, दिव्यांश सिंह पवार के बाद पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले दूसरे भारतीय निशानेबाज हैं।

10. भारत की **मनु भाकर** ने कहां पर महिलाओं की **10 मीटर एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा का स्वर्ण पदक** जीता ___**दोहा, कतर।**

नोट:

- उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें क्वालिफिकेशन राउंड में 584 अंक और फाइनल में 244.3 अंक जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया।
- जबकि, विवान कपूर और मनीषा कीर ने **एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2019** की जूनियर ट्रैप मिश्रित स्पर्धा में स्वर्ण जीता।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. **SREI इक्यूपमेंट फाइनेंस लिमिटेड** ने MSME क्षेत्र और खुदरा ग्राहकों को सह-ऋण व्यवस्था के तहत ऋण प्रदान करने के लिए किस बैंक के साथ साझेदारी की ___ **यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया (UBI)।**

   नोट:

   - NBFC और बैंक ने संयुक्त रूप से 20 शहरों में लोन उत्सव आयोजित किए।
   - एक विज्ञप्ति के अनुसार, उपकरणों के मूल्य के 90 प्रतिशत तक का ऋण 5 वर्ष तक के समय के लिए पेश किया गया, जबकि ऋण संरचना और आकार के आधार पर 30-60 दिनों की मोहलत भी प्रदान की गई।

2. निजी क्षेत्र के ऋणदाता **धनलक्ष्मी बैंक** की प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) जिन्होंने निजी कारणों के कारण पद से इस्तीफा दे दिया __ **टी. लथा।**

   नोट:

   - बोर्ड द्वारा इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया और इस संबंध में RBI को सूचित किया गया।
   - लथा को तीन वर्ष के लिए धनलक्ष्मी बैंक की MD और CEO के रूप में नियुक्त किया गया था।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

3. **गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस** (GeM) ने किन बैंकों के साथ **समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर** किए ____ **इंडियन बैंक और केनरा बैंक।**

नोट:

- समझौता ज्ञापन पोर्टल पर एक कैशलेस, पेपरलेस और पारदर्शी भुगतान प्रणाली की सुविधा प्रदान करेगा और सरकारी संस्थाओं के लिए एक प्रभावी खरीद प्रणाली तैयार करेगा।
- GeM कार्यशील पूंजी के बिल में छूट और वित्तपोषण प्रदान करने के लिए बैंक, TReD और SIDBI के साथ भी काम कर रहा है जहां पूंजी मूल्य GeM पर विक्रेता के प्रदर्शन और रेटिंग से जुड़ा होता है।
- इससे विक्रेताओं और MSME को विशेष रूप से आसान ऋण प्राप्त करने और सरकार के साथ बेहतर व्यवसाय करने में मदद मिलेगी।

4. **आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन** (OECD) के अनुसार, भारत का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वर्ष 2020-24 में बढ़ सकता है____ **6.6%।**

नोट:

- रिपोर्ट के अनुसार, चीन को डिजिटल साक्षरता में सुधार और भारत में उपयोगी डिजिटल उपकरणों की बढ़ती पहुंच के बीच डिजिटल प्रतिभा की मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को कम करने की जरूरत है।

5. **इंडसइंड बैंक के नए प्रबंध निदेशक** और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ____ **सुमंत कथपालिया।**

नोट:

- वह रोमेश सोबती की जगह लेंगे।
- कथपालिया हिंदुजा-प्रवर्तित बैंक के उपभोक्ता ऋण मामलों के प्रमुख हैं और उनका नाम अनुमोदन के लिए रिजर्व बैंक को भेज दिया गया है।

6. **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)** के अनुसार, किस वर्ष में दक्षिण अमेरिकी देश **गुयाना की GDP 86%** से अधिक होने की उम्मीद है _____ **वर्ष 2020।**

नोट:

- एक्सॉन मोबिल कॉर्प द्वारा गुयाना में तेल की खोज के बाद इस वृद्धि की उम्मीद की गई थी।
- गुयाना की GDP वर्ष 2020 में चीन की GDP की तुलना में चौदह गुना अधिक होगी।
- गुयाना वर्ष 2020 में पेट्रोलियम राजस्व में 300 मिलियन डॉलर का अनुमान लगा रहा है।
- तेल क्षेत्र पांच वर्षों के अंदर अर्थव्यवस्था के लगभग 40% भाग का प्रतिनिधित्व करेगा।

7. परिवर्ती भुगतान के नकद घटक को 67 प्रतिशत पर अनिवार्य करते हुए विदेशी, गैरसरकारी, लघु वित्त, भुगतान बैंकों और स्थानीय बैंकों के पूर्णकालिक निदेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के लिए मुआवजे के दिशा-निर्देश किसने जारी किए ____ **भारतीय रिजर्व बैंक।**

नोट:

- यदि परिवर्ती भुगतान निर्धारित भुगतान का 200% है, तो इसका कम से कम 50% गैर-नकदी में होना चाहिए।
- यदि परिवर्ती भुगतान 200% से ऊपर है, तो इसका 67 प्रतिशत गैर-नकदी साधनों के माध्यम से भुगतान किया जाना चाहिए।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

8. पॉलिसीधारकों को अपनी उन पॉलिसी को पुन:प्रवर्तित करने की अनुमति किसने दी है जो दो वर्ष से अधिक समय से बंद हैं____ **भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC)।**

नोट:

- अब, 1 जनवरी 2014 के बाद पॉलिसी खरीदने वाले LIC पॉलिसीधारक पहले अदत्त प्रीमियम के पांच वर्ष के अंदर अपनी, गैर-लिंक्ड पॉलिसी को पुन:प्रवर्तित कर सकते हैं।
- इससे पहले, IRDA उत्पाद विनियमन 2013 (1 जनवरी 2014 से) के बाद, पुन:प्रवर्तन अवधि पहले अदत्त प्रीमियम की तारीख से लगातार दो वर्षों तक प्रतिबंधित थी।

9. अपने ग्राहकों को विशिष्ट बैंकिंग और डिजिटल सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेष बचत खाते के साथ सावधि जमा (FD) और एक इंस्टेंट डिजिटल बचत खाता (SA) किसने शुरू किया___ **उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (SFB)।**

नोट:

- **इंस्टेंट डिजिटल SA खाता:** इस खाते में 1 लाख रुपये जमा का प्रतिबंध है और इसमें प्रति माह बैंक के अपने ATM (automated teller machine) पर असीमित नि:शुल्क लेनदेन और अन्य बैंकों के ATM पर 6 नि:शुल्क लेनदेन हैं।

10. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किन अवरुद्ध परियोजनाओं को पुन: शुरू करने के लिए **25 हजार करोड़ रुपये के कोष** की स्थापना का फैसला किया ____**आवासीय परियोजनाओं।**

नोट:

- केंद्र सरकार वैकल्पिक निवेश कोष (AIF) में 10 हजार करोड़ रुपये डालेगी, जबकि भारतीय स्टेट बैंक (SBI) और भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) 15 हजार करोड़ रुपये प्रदान करेंगे जिससे कुल धनराशि 25 हजार करोड़ हो गई है।
- यह देश भर में लगभग 4.58 लाख आवास इकाइयों वाली 1,600 से अधिक आवास परियोजनाओं को वित्तपोषित करेगा।

श्रद्धांजलियां

1. सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और कर्नाटक के पूर्व लोकायुक्त जिनका निधन हो गया ___ **वेंकटचला।**

नोट:

- वेंकटचला को लोकायुक्त के रूप में लोक सेवकों पर छापे मारकर और उनके नाम एवं जब्त की गई संपत्तियों के विवरण का खुलासा करने के लिए कर्नाटक की स्वायत्तशासी भ्रष्टाचार विरोधी शाखा के अस्तित्व को सामने लाने हेतु जाना जाता था।
- उन्होंने वर्ष 1990 के दौरान गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) न्यायाधिकरण के प्रमुख के रूप में भी कार्य किया।
- वह 3 जुलाई 2001 से 2 जुलाई 2006 तक लोकायुक्त रहे।

2. अनुभवी तेलुगु अभिनेत्री जिनका हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया___ **गीतांजलि रामकृष्ण।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- उन्होंने न केवल तेलुगु में, बल्कि अन्य दक्षिण भारतीय भाषाओं में फिल्में करके लगभग छह दशकों का शानदार करियर बनाया।
- यह प्रसिद्ध अभिनेता-राजनीतिज्ञ जूनियर एन.टी.आर. थे, जिन्होंने गीतांजलि को अपने निर्देशन में बनी फिल्म सीताराम कल्याणम में एक अभिनेत्री के रूप में पेश किया था, जो वर्ष 1961 में रिलीज हुई थी। इसके बाद वह तमिल, तेलुगु, मलयालम और हिंदी भाषा में एक अभिनेत्री के रूप में अपनी प्रतिभा पेश की।
- उनकी कुछ लोकप्रिय फिल्म सीताराम कल्याणम, देवीनाथिन देविम, स्वप्नंगल, पारसमणि, गुडाचारी 116 और बोब्बिली युद्धम शामिल हैं।

3. अनुभवी कम्युनिस्ट नेता और व्यापार संघवादी जिनका निधन हो गया___ **गुरुदास दासगुप्ता।**

नोट:

- दासगुप्ता वर्ष 1985 में राज्यसभा के सदस्य बने। वे वर्ष 2004 और 2009 में क्रमशः पश्चिम बंगाल के पंसकुरा और घटल निर्वाचन क्षेत्रों से लोकसभा के लिए चुने गए।
- एक सांसद के रूप में उन्हें अपने वाक्पटुता कौशल और अपने भाषणों के लिए जाना जाता था, उन्होंने पार्टी से इतर राजनेताओं की प्रशंसा प्राप्त की।

4. प्रसिद्ध उद्योगपति और मोदी एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष जिनका निधन हो गया ___**कृष्णन कुमार मोदी।**

नोट:

- श्री मोदी ने मोदी एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, जिसमें गॉडफ्रे फिलिप्स, इंडोफिल इंडस्ट्रीज और मोदीकेयर जैसी कंपनियां शामिल हैं।
- मोदी ने वर्ष 1997 में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI) का नेतृत्व किया और कन्फेडरेशन ऑफ एशिया-पैसेफिक चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष (वर्ष 2002 से 2006 तक) भी रहे।
- श्री मोदी स्वर्गीय राय बहादुर गूजर मल मोदी (मोदी नगर शहर के संस्थापक) के सबसे बड़े पुत्र थे।

5. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री जिनका मुंबई में निधन हो गया___ **बाबासाहेब धाबेकर।**

नोट:

- शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार के वर्ष 1990 के दशक में पहली बार सत्ता में आने पर श्री धाबेकर जल संसाधन मंत्री थी।

----------0----------

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

Gradeup Green Card

Includes

- 200 + Full-length Mocks
- 5+ Defence Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

gradeup